लगभग कुछ ऐसे कारखाने हैं जो कि पोलिटिकल पार्टीज को तो २५ हजार या इससे अधिक रुपये देते हैं लेकिन मजदूरों को उनका वेतन का पैसा नहीं देते। अब इसमें पोलिटिकल पार्टी का ही सवाल नहीं है बल्कि ट्रेड यूनियंस का भी सवाल है। कुछ ट्रेड यूनियनें इसीलिए खत्म हो गईं कि मालिकों ने उन्हें अपनी जेब डाल में दिया और वे उनके हाथों बिक गईं। अनुभव बतलाता है कि कोई भी अगर जरा मजदूरों के हक की बात करने लग जाय तो सेठ जी उसको अपने पास बुला लेते हैं और कहते तो यह हैं कि हम सब ठीक कर देंगे लेकिन होता यह है कि मजदूर बेचारे तो भगवान भरोसे रह जाते हैं और दुर्भाग्यवश सेठ जी रुपये के बल से उसका मुंह बंद कर देते हैं और वह उनके हाथों बिक जाता है। मैंने देखा है कि हिन्दुस्तान के अन्दर ट्रेड यूनियंस साउंड बेसिस पर नहीं चल पाईं और इसका कारण यह है कि इस तरह से उनको तोड़ा जाता है। जब उन्हें प्राफिट न होने पर भी मिनिमम ५०००० रुपया मिलता है तो उस ५०००० के अन्दर से १०,००० रुपये राजनीतिक पार्टियों को वे दे सकते हैं। मैंने यह देखा कि गांधी स्मारक निधि में भी इन बड़े बड़े कारखानेदारों में से कितनों ही ने अपनी जेब से एक पैसा नहीं दिया लेकिन कारखानों से दिया और वाहवाही मालिकों को व्यक्तिगत मिलती है जब कि पैसा वह कारखाने में से देते हैं और वह पैसा मजदूरों का ही जाता है। मेरा यह निवेदन है कि पोलिटिकल पार्टीज हों या कोई भी हों, डोनेशन का सवाल आता है तो जैसा जिसकी शक्ति हो डोनेशन दे लेकिन कारखाने में से मजदूरों का पैसा बतौर डोनेशन देना किसी तरह भी उचित नहीं है। मैंने देखा है कि बहुत सी जगह एक खर्चा उसकी ठीक जगह पर न लिखा जा कर दूसरी मद में लिखा जाता है। मैं नाम ले कर नहीं बतलाना चाहता लेकिन कई जगह इस तरह की गड़बड़ियां चलती हैं। आज जो हमारे कुछ नेता ट्रेड यूनियनों और कोआपरेटिव बेसिस पर कारखानों का मैनेजमेंट चलाये जाने का विरोध करते हैं तो वह जानते हैं कि अगर यह कारखाने प्राइवेट लोगों के पास किसी भी सेठ जी के पास रहते हैं तब तो उनको उनसे डोनेशन मिल ही जायगा लेकिन अगर यह कारखाने कहीं रामसिंह भाई के पास चले गये तो फिर हम क्या करेंगे। इसलिए वे गवर्नमेंट या इसी तरह की किसी कोआपरेटिव सोसाइटी के मातहत इन कारखानों का इंतजाम चलाने के विरुद्ध हैं।

अब वैसे तो यह कम्पनी ऐक्ट एक अथाह सागर है लेकिन मैं ने ज्वाएंट कमेटी की रिपोर्ट और जो अमेंडमेंट बिल आया है उस को देखते हुए कुछ जरूरी सुझाव सरकार के विचारार्थ पेश किये हैं और मुझे आशा है कि मंत्री महोदय उन पर विचार करेंगे। यह मिसमैनेजमेंट की बात और स्पेशल आडिट की जो बात है उसे आप एफेक्टिव बनायेंगे। दूसरे धारा ५३० के अन्दर मुआविजे की रकम को १००० से बढ़ा कर २००० रुपये कर दें। बस यही मेरा निवेदन है।

श्री राम कृष्ण गुप्त (महेन्द्रगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मौजूदा कम्पनी ऐक्ट को जो इस अमेंडिंग बिल के जरिए अमेंड किया जा रहा है इस के बारे में में दो, तीन तजवीजें हाउस के सामने रखना चाहता हूं।

यह तो बात ठीक है कि यह जो हमारा मौजूदा सन् १९५६ का कम्पनी ऐक्ट है, हिन्दुस्तान में जब शुरू शुरू में सन् १८५० में ज्वाएंट स्टौक कम्पनी एक्ट बनाया गया था तो यह ज्यादातर उसी पर दारोमदार रखता था। कुछ समय गुजरने के बाद जो प्रैक्टिकल डिफिकल्टीज आईं उन को मद्देनजर रखते हुए तमाम कम्पनी ला को कंसौलिडेट करने के लिए सन् १९५६ में पहला ऐक्ट बनाया गया। इन ५, ६ सालों के तजुर्बे के बाद जो प्रैक्टिकल डिफिकल्टीज आईं और आये साल कम्पनी ला ऐडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से जो सालाना

रिपोर्टें आती थीं उन रिपोर्टों की रोशनी में उन दिक्कतों और खामियों को दूर करने के लिये आज फिर इस ऐक्ट को अमेंड किया जा रहा है ।

इसलिए आज हमारे सामने सब से अहम सवाल यह है कि इस ऐक्ट को अमेंड करने से क्या जो दिक्कत हमारे सामने हैं वे दूर हो जायेंगी ? और अगर वह दिक्कतें दूर नहीं होंगी और खामियां पूरी नहीं होंगी तो वह कौन सी चीजें हैं जोकि होने से बाकी रह गई हैं । हमें यह देखना है कि इस ऐक्ट को क्यों अमेंड किया जा रहा है ? जैसाकि मैं ने आप से कहा कि इस ऐक्ट की वर्किंग में जो प्रैक्टिकल डिफिकल्टीज आईं उन को मालूम करने के लिये एक कमेटी मुकर्रर की गई जोकि आमतौर पर शास्त्री कमेटी के नाम से पुकारी जाती है । उस कमेटी ने देश के मुख्तलिफ हिस्सों का दौरा किया और उन प्रैक्टिकल डिफिकल्टीज को मालूम करने की कोशिश की जितनी अमेंडमेंट्स हो रही हैं, वे ज्यादातर उसी कमेटी की रिपोर्ट पर हो रही हैं । उस कमेटी का यह कहना है—

15 hrs.

"It was considered desirable in the public interest, and in order to prevent the diversion of companies' funds for purposes that thwarted national economic policies or approved economic objectives, that the Government should have greater control over the formation and management of joint stock companies. A minimum standard of good behaviour and business honesty in company promotion and management, ..."

अब हम ने यह देखना है कि कमेटी का जो मकसद था, वह इस मौजूदा अमेंडिंग बिल से कहां तक पूरा होगा । सब से पहले मैं हाउस को यह बताना चाहता हूं कि इस सिलसिले में क्या डिफ़िकल्टीज थीं । सालाना रिपोर्टें जो पेश की गई, उन में भी इन बातों का ज़िक्र किया गया । सब से बड़ी डिफ़िकल्टी यह थी कि पब्लिक कम्पनीज़ कुछ फ़ैसिलिटीज़ से एग्जेम्प्टिड थीं, जोकि प्राईवेट कम्पनीज़ को मिली हुई थीं, इसलिये आम तौर पर यह टेंडेंसी थी कि पब्लिक कम्पनीज़ को प्राइवेट कम्पनीज़ में कनवर्ट किया जाता था । इस दिक्कत को दूर करने के लिए इस एक्ट को अमेंड किया जा रहा है । यह बड़ी खुशी की बात है और मुझे पूरा विश्वास है कि सैक्शन १४ को अमेंड करने से कुछ न कुछ रेस्ट्रिक्शन्ज़ लग जायेंगी ।

आडिटर का सवाल भी बड़ा अहम है । मुझ से पहले मेरे दोस्त, श्री रामसिंह भाई वर्मा ने इस पर काफ़ी रोशनी डाली है । मैं तो सिर्फ़ इतना ही कहना चाहता हूं कि अगर हम यह चाहते हैं कि कम्पनीज़ का स्टैंडर्ड ऊंचा हो, तो कम्पनीज़ के एकाउंट्स और बैलेंस शीट पर पूरा कंट्रोल करना पड़ेगा । मुझे पूरा विश्वास है कि इस से हमारे बहुत से झगड़े खत्म हो सकते हैं और खास तौर से मालिकों और मजदूरों का जो झगड़ा है, वह काफ़ी हद तक निपटाया जा सकता है । मौजूदा लेबर ऐक्ट के तहत मज़दूरों को फ़ैसिलिटीज़ देने की कोशिश की जा रही है और उन की तन्ख्वाहें बढ़ाने की कोशिश की जा रही है, इसलिए बनावटी तरीके से कम्पनियों को घाटे में दिखा कर सारा काम किया जाता है । अगर आडिटर्ज़ पर हमारा पूरा कंट्रोल हो जाये, तो ये तमाम दिक्कतें दूर हो सकती हैं । इस बारे में एक नहीं हज़ारों किस्म की मिसालें पेश की जा सकती हैं और वे ऐसे कनसर्न्ज़ से ताल्लुक रखती हैं, जोकि हिन्दुस्तान के बिज़िनेस हाउसिज़ में से चोटी पर हैं । मैं उन तमाम बातों को दोहराना नहीं चाहता, लेकिन मैं यह ज़रूर कहना चाहता हूं कि क्लाज़ ६६ के ज़रिये सैक्शन २४ को जो अमेंड किया जा रहा है, उस से हमारा यह मकसद पूरा नहीं होगा । इस को और ज्यादा सख्त करने की ज़रूरत है । इस को मद्देनज़र रखते हुए मैं ने एक अमेंडमेंट पेश की है । मुझे पूरा विश्वास है कि उस पर पूरा विचार होगा और उस को स्वीकार किया जायगा ।

[श्री राम कृष्ण गुप्त]

जहां तक एकाउंट्स का ताल्लुक है, उन को देखने के लिए और डाकुमेंट्स हासिल करने के लिये बड़ी दिक्कत आती थी । इस दिक्कत को दूर करने के लिए इस एक्ट को अमेंड किया जा रहा है । इन तमाम बातों के लिए मैं मिनिस्ट्री को मुबारकबाद पेश करता हूं और मैं समझता हूं कि इस एक्ट के पास करने से कुछ न कुछ दिक्कतें जरूर दूर हो जायेंगी ।

मैं हाउस के सामने तीन चार नई तजवीजें रखना चाहता हूं, जिन पर अमल करने की मेरे ख्याल में बहुत ज्यादा जरूरत है । अगर हो सके, तो इस बिल को पास करने से पहले उन को भी इस में शामिल किया जा सकता है ।

मैं हाउस का ध्यान मौजूदा एक्ट के सैक्शन २७५ और ३१६ की तरफ़ दिलाना चाहता हूं । मैं समझता हूं कि ये सैक्शन्ज बहुत अहम हैं । इन सैक्शन्ज में इन बातों का जिक्र किया गया है कि डायरेक्टर्ज की क्या तादाद होनी चाहिए एक आदमी कितनी कम्पनीज का मैनेजिंग एजेन्ट हो सकता है, उन के ऊपर कितनी रेस्ट्रिक्शन्ज होनी चाहियें । शास्त्री कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया है, लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि इन दो सैक्शन्ज को अमेंड करने के लिए न तो शास्त्री कमेटी ने सिफ़ारिश की और न ज्वाएंट कमेटी ने इस मसले पर विचार किया । इस रिपोर्ट में सफ़हा १०३ पर यह कहा गया है—

"There are, on the other hand, complaints that the limit of twenty directorships and ten managing agencies is too high and that there is a tendency for a few businessmen and the members of their families to concentrate in their hands enormous industrial power by virtue of their position as managing agents of a large number of public companies. We have been informed that, in practice, the average number of directorships held by an individual in the U.K. or in the U.S.A. is much less than the number permissible under our Act."

आज हम देखते हैं कि हमारे देश की तमाम दौलत इन इंडस्ट्रियल कनसर्न्ज के जरिये चन्द बड़े बड़े खानदानों में इकट्ठी हो रही है । इस का सब से बड़ा कारण यह है कि डायरेक्टरशिप्स और मैनेजिंग एजेन्सीज पर जो कंट्रोल होना चाहिये, वह इस वक्त मौजद नहीं है । इस के बारे में मैं चन्द मिसालें भी हाउस के सामने पेश करना चाहता हूं । मुझे बड़े अफ़सोस के साथ कहना पड़ता है कि कमेटी का ध्यान इस तरफ़ नहीं गया है कि किस तरीके से चन्द बड़े बड़े खानदान तमाम इंडस्ट्री को कंट्रोल कर रहे हैं, वर्ना इन सैक्शन्ज को भी अमेंड करने की जरूर कोशिश की जाती । मिसाल के तौर पर २५० इंडस्ट्रियल कनसर्न्ज को सिर्फ़ ९ लीडिंग ब्रिटिश मैनेजिंग हाउसिज कंट्रोल करते हैं । इसी तरीके से २२० इंडस्ट्रियल कनसर्न्ज को ११ इंडियन हाउसिज कंट्रोल करते हैं । यही १०० आदमी १७०० के करीब डायरेक्टरशिप की पोस्ट्स होल्ड करते हैं । १९५६ के इंडस्ट्रियल पालिसी रेज़ोल्यूशन का भी यही मतलब था ।

"The Industrial Policy Resolution, 1956 has emphasised the urgency to reduce disparities in income and wealth which exist today and to prevent private monopolies and the concentration of economic power in different fields in the hands of small members of industrial concerns.".

इसलिए मैं यह अपील करता हूं कि इन दो सैक्शन्ज को जरूर अमेंड किया जाये, क्योंकि ऐसा किए बग़ैर हमारा मकसद पूरा नहीं हो सकता है । इस के बारे में मैं एक आर्टिकल की तरफ इस हाउस का ध्यान दिलाना चाहता हूं । डा० एम० एम० मेहता ने अपनी किताब में एक जगह इस का जिक्र किया है और लिखा है :—

"For all practical purposes, a few leading families in India

control and guide the industrial destinies of the country.".

इस से आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि यह कितने दुःख की बात है । मैं समझता हूं कि इन दो सैक्शन्ज़ को एमेंड करने की सब से ज्यादा जरूरत है और ऐसा करने की कोशिश की जाय ।

तीसरी बात मैं फिक्टिशस शेयर्स के बारे में कहना चाहता हूं । इस का जिक्र जो सालाना रिपोर्ट हाउस के सामने पेश की गई हैं, उन में भी किया गया है । एक सवाल मैं ने पेश किया था और उस के जवाब में मुझे बताया गया था कि इस किस्म की बहुत सी कम्पनियां मौजूद हैं जिस के शेयर्स फिक्टिशियस नामों से हैं, यानी शेयर किसी और के नाम से हैं और दरअसल में मालिक कोई और है । इस वास्ते इस ओर ध्यान देने की भी बहुत ज्यादा जरूरत है । अभी तक इस के बारे में कुछ नहीं किया गया है । जब तक ऐसा नहीं किया जायेगा मैं समझता हूं कि जो बड़ी बड़ी कम्पनियां हैं, उन के अन्दर जो मैल-प्रेक्टिसिस चलती है, उन को नहीं रोका जा सकता है ।

आखिर में मैं चन्द लफ्ज़ डोनेशंस के बारे में कहना चाहता हूं । इस का हाउस में कई बार जिक्र आया है । डोनेशंस का सवाल किसी एक पार्टी से ताल्लुक नहीं रखता है । हम नहीं चाहते हैं कि कोई ऐसा काम किया जाये जिस से हिन्दुस्तान की आम गरीब जनता पर बुरा असर पड़े और वह डिमारेलाइज़ हो । मैं ईमानदारी के साथ महसूस करता हूं कि जो डोनेशंस दिये जाते हैं ये पोलिटिकल पार्टी को डिमारेलाइज़ करने के लिये दिये जाते हैं । इन पर जरूर रेस्ट्रिक्शन लगनी चाहिये । मुझ से पहले बोलने वाले माननीय सदस्यों ने इस का जिक्र किया है और मैं समझता हूं कि कोई भी सरकार हो उस पर इस का बुरा असर पड़ता है । उस पार्टी की उस सरकार की जो पालिसी है, जो आबजैक्टिव है, जो प्रोग्राम है उस के अन्दर वे घुस कर उस को खराब करने की कोशिश करते हैं और इस को साबित करने के लिये कई मिसालें भी पेश की जा सकती हैं । लेकिन मैं मिसालें पेश करना नहीं चाहता हूं । लेकिन मैं महसूस करता हूं कि जो डोनेशन देने वाले हैं, जिस ज़रीके से वे अंडर-हैंड मींस के ज़रिये से हमारी पालिसी और हमारे प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश करते हैं, उस पर रोक लगनी चाहिये । इस वास्ते मैं चाहता हूं कि इस किस्म की चीज़ों पर रोक लगाई जाये । यह बात इस वास्ते भी जरूरी है क्योंकि जैसा-कि हमारे माननीय सदस्य श्री रामसिंह भाई वर्मा जी ने कहा कि डोनेशन की रकम दर-असल में गरीब मजदूरों की कमाई का हिस्सा होता है और कोई भी मिल मालिक या कनसर्न अपनी जेब से, अपने परसनल मुनाफे में से एक पैसा भी डोनेशन के तौर पर नहीं देता है बल्कि और आगे बढ़ कर इस बात की जरूर कोशिश करता है कि दान अगर १०,००० का दिया गया हो तो कागजात के अन्दर एक लाख दिखलाया जाय ताकि नब्बे हज़ार रुपया नाजायज़ तौर पर उस की पाकेट में जा सके । इस के बारे में मिसालें भी पेश की जा सकती हैं लेकिन मैं ऐसा करना नहीं चाहता हूं । इस वास्ते इस तरफ ध्यान देना भी बहुत लाज़िमी है ।

मैं समझता हूं कि जो दो तीन बातें मैं ने आप के सामने रखी हैं उन की तरफ जरूर ध्यान दिया जायेगा और जो कमियां हैं उन को दूर किया जायेगा । मैं ने कहा है कि जहां तक प्राइवेट कम्पनियों का सम्बन्ध है उन के बारे में मैं समझता हूं कि प्रेक्टिकल तौर पर प्राइवेट और पब्लिक कम्पनीज़ में कोई फर्क नहीं होना चाहिये और तमाम एग्ज़ेम्प्शन्ज़, तमाम लिमिटेशंस, रेस्ट्रिक्शंस जो पब्लिक कम्पनीज़ पर लागू होती हैं, प्राइवेट कम्पनीज़ पर भी लागू होनी चाहियें ।

[श्री राम कृष्ण गुप्त]

दूसरी बात मैं ने आडिटर्ज के बारे में कही है कि उन की एप्वाइंटमेंट्स का काम, हिसाब किताब चैक करने का काम, बैलेंस शीट्स को कंट्रोल करने का काम ज्यादा से ज्यादा गवर्नमेंट के हाथ में होना चाहिये और मौजूदा सैक्शन को इस ढंग से एमेंड किया जाना चाहिये जिस से बैलेंस शीट्स में कम से कम गड़बड़ी हो । मैं आशा करता हूं कि मेरी इन सजैशंस पर गवर्नमेंट जरूर ध्यान देगी ।

Mr. Deputy-Speaker: Is there no other hon. Member who wants to speak? In that case, I shall call the hon. Minister to reply.

The Minister of Health (Shri Karmarkar): I would beg of you to call at least one more Member to speak.

An Hon. Member: There is no Minister also to reply to the debate.

Mr. Deputy-Speaker: Shall I have to adjourn the House, or is some hon. Member going to speak?

श्री भर्तीहरि भाई वर्मा : अगर समय है तो फिर दुबारा बोलना शुरू कर दें ?

उपाध्यक्ष महोदय : दुबारा बोलने के लिए समय नहीं है । एक बार बोलने के लिये बहुत है ।

Shri Tangamani (Madurai): I shall speak.

Mr. Deputy-Speaker: Now, Shri Tangamani.

Shri Tangamani: I am one of those who was a Member of the Joint Committee. The Joint Committee have taken more than one year to submit their report. As has been pointed out by the hon. Minister, many amendments were moved there. There were several clauses which were of a non-controversial nature. Of course, there were also clauses which were of a controversial nature. Shri H. N. Mukerjee has already referred to four or five important points which have been brought out in this amending Bill as it has emerged from the Joint Committee.

I would briefly refer to some of the points which I have brought out in my minute of dissent. With your leave, I shall also refer to certain clauses, although they may not have been directly referred to in my minute of dissent.

In the first place, I would like to point out that if the Bill had emerged from the Joint Committee in the same form in which it had been introduced in May, 1959, it would have served the purpose for which it was introduced here. It was pointed out at that time that certain amendments were necessary as a result of the recommendations of the special committee which was set up under the chairmanship of Mr. Sastri. The Sastri Committee have made several recommendations on the basis of which this amending Bill has been drafted. But I must point out that in regard to certain clauses where there has been definiteness in the Sastri Committee's report, the clauses which were adopted in the amending Bill have been considerably modified, and considerably watered down also, so much so that the main purpose and the main direction of the amending Bill has been lost. I have pointed out that in the light of this, some further amendments may have to be brought forward, which may not be strictly relevant to this Bill. In other words, my fear is that very soon, another amending Bill will have to be brought forward, because of the things that have happened here.

My first point will concern the question of 43A companies. The original clause 15 has defined 43A companies and I would certainly commend that clause as against the present clause 14 of the Bill as it has emerged from the Joint Committee. Clause 15 of the original Bill reads as follows:

> "43A. (1) Notwithstanding anything to the contrary contained in this Act, where not less than twenty-five per cent. of the paid-up share capital of a private com-

pany is held by one or more bodies corporate, the private company shall, on the date on which the aforesaid percentage is first held by such body or bodies corporate, or where the aforesaid percentage has been first so held before the commencement of the Companies (Amendment) Act, 1959, on the expiry of the period of three months from the date of such commencement, become by virtue of this section a public company. . . .

Mr. Deputy-Speaker: It is very unfortunate that there is no Minister present on the Treasury Benches to listen to the debate.

Shri M. L. Dwivedi (Hamirpur): The Prime Minister is there.

The Minister of Parliamentary Affairs (Shri Satya Narayan Sinha): Of all the Ministers, he is there.

Shri Tangamani: (2) Within three months from the date on which a private company becomes a public company by virtue of this section, or within such further time as the Registrar may allow in this behalf, the company shall, by ordinary resolution, change, if necessary, its name in conformity with clause (a) of sub-section (1) of section 13 and alter its articles in such a manner that they no longer include the provisions relating to any of the matters specified in sub-clauses (a), (b) and (c) of clause (iii) of sub-section (1) of section 3.

(3) The company shall file with the Registrar a copy of the ordinary resolution referred to in sub-section (2) within one month of the date on which that resolution was passed.

(4) Section 23 shall apply to a change of name under this section as it applies to a change of name under section 21 and any alteration of articles made under this section shall be deemed to be an alteration made in pursuance of section 31.

(5) If a company makes default in complying with sub-section (2) or sub-section (3),—

"(a) the company shall be punishable with fine which may extend to five hundred rupees for every day during which the default continues; and

(b) every officer who is in default shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to six months, or with fine which may extend to five hundred rupees for every day during which the default continues, or with both."

(6) Nothing in this section shall apply to a private company of which the entire paid up share capital is held by another private company or by one or more bodies corporate incorporated outside India.

I submit that this original clause which introduces 43A companies is concise and self-explanatory, but the present clause 14 which seems to modify and amend this clause is much more cumbersome. I would only refer to the dissenting note of Shri Naushir Bharucha. This is what he says:

"New section 43A has been completely overhauled by the Joint Committee which was perhaps inevitable having regard to the purpose it was intended to serve. Of necessity, this new clause has become extremely complex and may impose a burden of work out of all proportion to the purpose it might serve, particularly in case of small companies. . . "

My main purpose in reading out this clause in full and also certain comments from the Notes of Dissent is to stress that wherever there has been opposition to particular clauses which were of a progressive nature, amendments have been introduced which seek more or less to restate the old provision but put in such a

[Shri Tangamani]

complicated way that it would yield to all kinds of interpretation. This will be borne out by a comparison of old clause 15 and the new clause 14.

Another point is about clause 3 of the original Bill which is also clause 3 of the present Bill. The original dealing with a private company says:

> "A private company, being a subsidiary of a body corporate incorporated outside India, which, if incorporated in India, would be a public company within the meaning of this Act, shall be deemed for the purposes of this Act to be a subsidiary of a public company if the entire share capital in that private company is not held by that body corporate".

Here also certain amendments have been made by the addition of the following words:

> "whether alone or together with one or more other bodies corporate incorporated outside India".

This may at least be slightly more explanatory than the original one. But my point is that when we have now created 43A companies and we have also created new companies, namely, companies defined in section 4 of the principal Act—sub-section (7)—the distinction which is sought to be created between the private companies and public companies must gradually vanish. I submit we have not proceeded in that direction in the Joint Committee. To this also I have made a reference in my Minute of Dissent—I shall, as far as possible, confine myself to those points I have raised in my Minute of Dissent.

Already many speakers have referred to new clause 70 which creates a special auditor. It is a very welcome provision. I do not propose to add to the many points and arguments advocated in favour of this clause by Shri H. N. Mukerjee.

As you are aware, there was clause 58 of the original Bill which reads as follows:

> "In section 197 of the principal Act, for sub-section (1), the following sub-section shall be substituted, namely:—
>
> "(1) No document purporting to be a report, or forming a part, of the proceedings of a general meeting shall be circulated or advertised at the expense of the company unless the matters required by section 193 to be contained in the minutes of the proceedings of such meeting are also circulated or advertised".

The main purpose was to see that whenever the Chairman's speech was circulated at the expense of the company, the minutes of the proceedings was also published at the expense of the company. This is what I recorded in my Minute of Dissent:

> "The Committee had felt that the Chairman's speech was useful and any obligation to publish summary of the proceedings of the meeting would entail unnecessary expenditure. Actually, when it is known that the shareholders of company are widely dispersed and it is not possible for many of them to attend such meetings, it was necessary to make it obligatory to publish the summary of the proceedings in order to enable the shareholders to take intelligent and informed interest in the affairs of the company".

I do not know why this particular clause was deleted. No reason has been given, and I have very strongly recorded my protest also at the way in which this clause has been deleted.

Next I would refer to the original clause 179 of the amending Bill (present clause 181) which seeks to include retrenchment compensation payable to the worker in being included in the items of preferential payments under section 530 of the original Act when a company is wound up. It is good so far as it goes. But the proviso to sub-section (2) of section 530 of the original Act puts a ceiling of Rs. 1000

for such preferential payments. In my opinion—and I have also tabled an amendment to that effect—that should be enhanced to Rs. 2,500. If we are now allowing the compensation or the gratuity which is payable to them under the Industrial Disputes Act to be included as preferential payment, there is absolutely no purpose unless we say that the original Rs. 1,000 is increased to at least Rs. 2,000 or Rs. 2,500. Otherwise, what is sought to be given by this amendment is taken away by the ceiling which has already been imposed in the original Act itself. I hope this particular position will be accepted by the House because this is only carrying out the intention of the original amending Bill and also the intention of the Bill as it has emerged from the Joint Committee.

The previous speakers have already referred to contributions to political parties. It may be argued that the contributions made to political parties will be publicised. But the mere publication at the time of the publication of the balance-sheet is not going to meet the ends of justice as it has already been pointed out. There is already provision in section 293(e) of the original Act which provides that the Board of Directors can contribute either Rs. 25,000 or 5 per cent. of the net profits. Even this has been abused; contributions to political parties were also termed as charitable purposes.

I can understand the position where the Government takes the view that certain companies and Boards of Directors also treat contribution to political parties as contribution to charitable purposes. If they say that a certain amount has been contributed to political parties under the original section 293(e), it must be publicised. But here what happens is that a sort of blanket power is given allowing the Board of Directors the same powers, namely, up to 5 per cent. of the net profits, and also allowing a company as a whole by way of resolution to contribute any amount of money to political parties. This is opening the flood-gates to contributing any amount of money out of the profits at the expense of the shareholders to various political parties.

I would also like to refer to certain observations not only by the Judges of the Bombay High Court but also of the Calcutta High Court who make a reference to this. This is what the learned Judge says:

> "To induce the Government of the day by contributing money to the political funds of the political parties is to adopt the most sinister principle fraught with grave dangers to commercial as well as public standards of administration. Persuasion by contribution of money lowers the standard of administration even in a welfare State or democracy. To convert convictions and conscience by money is to pervert both democracy and administration. Joint Stock Companies are not intended to be adjuncts to political parties and possible sources of revenues for these parties. It will induce the most unwholesome competition between business companies by introducing the race who could pay more to the political funds of political parties. In that competition business is bound to suffer in the long run. In the bid for political favouritism by the bid of money, the company who will be the highest bidder may secure the most unfair advantage over its rival trader companies. It will mark the advent and entry of the voice of big business in politics and in the political life of the country. The tune of political life is liable in the long run to become the tune of the big trading companies and concerns. They will be bad both for business and for politics. It will be alike bad for public life as well as commercial life."

Some of the witnesses who came ad gave evidence before the Joint

[Shri Tangamani]

Committee have also referred to this practice of contributing to political parties. I have in mind one Mr. Chandy. This is what he says. He was asked certain pointed questions by a number of members of the Joint Committee including the late respected Shri Feroze Gandhi. This is what he says.

"*Shri K. T. Chandy*: I think that instead of dragging companies too much into politics, it would be much better to leave them out and if they chose to make contributions to political parties, let them do so.

Shri Feroze Gandhi: Why do they pay?

Shri K. T. Chandy: I do not know why. But as far as I can see from papers they pay political parties for various reasons. The political party may have a group of people working or engaged in some constructive work and a company may earmark its fund for that purpose. A new political party is born which says that it stands against nationalisation. It may be that a number of people who feel the threat of nationalisation, may say that they have every right to protect themselves against nationalisation and they may contribute. Any number of reasons may be given.

Shri Feroze Gandhi: Do companies pay on their own or are they approached by people?

Shri K. T. Chandy: I do not speak on matters which are not in my personal knowledge.

Shri Feroze Gandhi: You refer to the election manifesto. But even before the manifesto is published, how do they pay?

Shri K. T. Chandy: Since it is not in my personal knowledge I cannot depend upon heresay."

Even in the Joint Committee, when quetions were put to the various interests, they were not confident, they were not definite that this kind of contribution will be the proper thing. I have given only one instance.

Another point which I would like to mention is the question of managing agencies now converting themselves into sole selling agents. This is also revealing to show how big business reacts to the present restriction or the restriction which we are trying to impose. I would submit that the restriction that we are seeking to impose does not go far enough. This is what one witness says.

Question: "You were telling us about the selling agents. Do you agree that after the 1956 Act, many of these managing agency companies and managing agents have become selling agents?

Shri J. D. Choksi: Whose fault is that?"

Question: "I would like to know whether it is not a fact that managing agency companies and managing agents have now become selling agents and some kind of restriction is necessary if you are to carry out the spirit of the 1956 Act.

Shri J. D. Choksi: Unfortunately, the legislature did not appreciate the services of managing agents and in fact managing agents are now under approbrium. As managing agents have got nothing but approbrium some wanted to give up management of companies.

Some of them were interested in the sales of the products of their companies and they applied for and became selling agents. What is wrong with that so long as they do not have to deal with management, and provided they are selected by the companies as suitably qualified selling agents?

I can understand that there should not be dual functions; that there should not be people who are both managing agents and also selling agents. But if there is no dual function, I do not know why people who have nothing to do with management should be disqualified from being selling agents because at one time they were managing agents. That is what I do not appreciate. I may have to sell motor-cars if the provision of the law against managing agents is further strengthened. So, do not prohibit me from becoming a motor-car agent or a salesman. I think I may be qualified to do that."

Mr. Deputy-Speaker: Shri Tangamani is arguing as if he was before the Supreme Court—reading too much.

Shri Tangamani: I am not going too much into the particular clauses which are now trying to restrict the powers of the managing agents.

Mr. Deputy-Speaker: I am conscious that I require speakers but it does not look nice if all these quotations *in extenso* are brought on record.

Shri Tangamani: I will give only one or two quotations and I shall refer to the section to which I take particular objection. Clause 119 reads:

"325A. After the commencement of the Companies (Amendment) Act, 1960, no company shall appoint as its managing agent any body corporate which is a subsidiary either of itself or of any other body corporate...."

There was a reference made to this particular clause, originally clause 124. It has now been modified by the new amendment. According to the witnesses appearing on behalf of the employees there was a tendency for the managing agents to become sole selling agents. The present restriction also does not go far enough and it will not control the mischief which it seeks to control.

The hon. Minister, while introducing the Bill, has himself said that 11 clauses have been omitted and I have referred to one clause—No. 58. Some of those are very important clauses and they ought not be have been deleted. Fourteen new clauses have been inserted. Clause 70 is a welcome feature. But certain other clauses, for instance, clauses 13, 28, 31, etc. take up away from the good direction in which we were moving. There are certain amendments which deserve special attention—clauses 70, 120, 157, 168 and 185. Surely, they are all very important amendments and I am grateful to the hon. Minister for the explanation he gave as to why these amendments had been introduced. Much has been said about clause 70. I may repeat my submission about managing agencies and say that it has not gone far enough. The amendment to section 418, to guarantee the provident fund money that has been deposited is quite welcome. Clauses 168 and 185 introduced for the purpose of facilitating the work of the official liquidator and giving certain powers to the Supreme Court are also welcome. I hope that as a result of these, liquidation proceedings will be expedited. As at present, it is a lengthy process. I shall say a few words at the time of the second reading about the remuneration of the managing

[Shri Tangamani]

agents. The amendment to section 360 also needs further elucidation. I am speaking subject to correction but I think that clause 57 provides for for payment of dividends even without providing for depreciation. I think it is not proper. Some witnesses spoke of a new kind of balance sheet and said that if the balance sheets of the type published from West Germany were submitted yearly, the people will be in a position to know how the companies function. I do not share the view that the company owes its existence or allegiance only to the shareholders. It should serve the interests of the community as a whole and it is but natural that certain salient points about productivity or sale will have to be made known to the public also. That is why I welcome clause 61 which gives powers for drawing up a balance sheet in a new form, whether it is in the form mentioned in the schedule or in a different form. Experience alone will show how many companies are going to adopt the new kind of publication of these balance-sheets. I shall reserve my other comments about some clauses for the second reading stage, if I get an opportunity.

Having said that, I would like to say in conclusion that some amendments are welcome, certain other amendments have really confused the original purpose mooted by the Shastri Committee's report. Take for instance, the deletion of the provision regarding the publication of the chairman's report at the expense of the company. Such provisions are not salutary. Again there are unlimited powers given to the sole selling agent and the powers of the managing agents are not sufficiently restricted.

Lastly, I may say that in the State where I come from the agents for the political parties, even before an election starts, go about canvassing from the various corporate bodies. I have heard from reliable sources that a certain rate was fixed for the various owners of trucks or vehicles for the 1957 elections. Fortunately or unfortunately, most of these bus operators seem to favour a particular party. They openly say that they have contributed on the basis of the number of trucks or vehicles they own. I understand from reliable sources that this year the contribution is going to be increased. This is a very unwholesome practice which ought to be discouraged. I hope that this pernicious provision will be removed before the Bill goes out of this House.

पंडित ठाकुर दास भार्गव (हिसार) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, इस बिल पर बहस के दौरान में न सिर्फ़ उन सवालात को उठाया गया है, जोकि इस बिल से डायरेक्टली ताल्लुक रखते हैं, बल्कि कई मेम्बर साहबान ने तो इस डिस्कशन को इतना वाइड कर दिया है कि उन्होंने इस किस्म के सवाल उठाये हैं कि गवर्नमेंट किस दायरे में काम कर सकती है, या कम्पनी को किस दायरे में काम करना चाहिये, या जो आदमियों के फ़ंडामेंटल राइट्स हैं, क्या वे कम्पनीज के भी राइट्स हैं या नहीं, वगैरह वगैरह। मसानी साहब की चन्द एक आर्ग्युमेंट्स को सुन कर मुझे बहुत ज्यादा ताज्जुब हुआ। अगर उन आर्ग्यूमेंट्स को मैं लाजिकली देखूं, तो मुझे नज़र आता है कि गवर्नमेंट को कोई हक नहीं है कि वह किसी इन्सान के खिलाफ कोई रेस्ट्रिक्शन लगा सके, इन्सान आज़ाद पैदा हुआ है, उस को परमात्मा ने बहुत सी पावर्ज़ दीं, जो उस में नैचुरल हैं और उन के साथ खेलना, उन पर रेस्ट्रिक्शन लगाना शायद नैचरुल लाज़ के खिलाफ है और कुछ फ़ंडामेंटल उसूलों के खिलाफ है। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि गवर्नमेंट ने इंडियन पीनल कोड में दफ़ा ३०९ बना दी है, जिस के तहत उस आदमी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, उस को कैद किया जा सकता है, जोकि मरना चाहता है, जो जिन्दा नहीं रहना चाहता है। ऐसा इन्तज़ाम किया गया है कि वह मर न सके।

उपाध्यक्ष महोदय : अब तो वे पाबन्दियां भी हटाई जा रही हैं आम मुल्कों में ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इस हाउस में एक बिल लाया था, जिस को निप इन दि बड कर दिया गया । उस को इंट्रोड्यूस करने की भी इजाजत नहीं दी गई । इसी तरह से और सोशल लाज भी बनाये गये हैं । हम देखते हैं कि इस गवर्नमेंट ने यह कानून बनाया है कि कोई आदमी पब्लिक में शराब न पी सके और खुले-आम शराब न बेची जा सके । क्या हर्ज है अगर कोई शख्स पब्लिक में अपनी ख्वाहिश को पूरा करना चाहता है ? इस गवर्नमेंट ने औरतों के अपने जिस्म को इस्तेमाल करने के बरखिलाफ भी सख्त कदम उठाये हैं, जिस से कोई औरत अपने जिस्म को इस्तेमाल न कर सके । क्या श्री मसानी साहब इन बातों में भी वही आबजेक्शन करना चाहते हैं, जोकि उन्हों ने अभी इस बिल के सिलसिले में पेश की है ?

आज अगर गवर्नमेंट यह रेस्ट्रिक्शन लगाये कि फ़लां शख्स सैलिंग एजेन्ट न बन सके, या उस की टर्म्ज़ एंड कन्डीशन्ज़ को चेंज कर दे, या कई सैलिंग एजेन्ट्स के बजाय एक सैलिंग एजेन्ट मुकर्रर कर दे, तो श्री मसानी की राय में यह कम्पनीज़ के प्राइवेट राइट्स के साथ खेलना है । उन के मुताबिक कोई वजह नहीं है कि कम्पनीज़ को जो चाहे न कर सकें और गवर्नमेंट उन के मामलात में दख़ल दे ।

कम्पनी एक ऐसी बाडी है, जो इंडिविजुल्ज़ की काम्बीनेशन है । अगर इंडिविजुअ स को कुछ फंडामेंटल राइट्स हासिल हैं, तो फिर वही राइट्स कम्पनीज़ को क्यों न हासिल हों ? हर एक इन्सान को प्राइवेट प्रापर्टी का राइट हासिल है कि वह अपनी जायदाद को बेच सकता है, कुएं में डाल सकता है, बर्बाद कर सकता है, फिर भी गवर्नमेंट उस में दख़ल नहीं दे सकती है । अगर यह फ़ंडामेंटल राइट है, तो श्री मसानी क्यों कहते हैं कि किसी कम्पनी को किसी पार्टी को चन्दा देने का हक नहीं है ? अगर यह इन्सान का हक है, तो फिर क्या सवाल है कि कोई कम्पनी किसी पोलिटिकल पार्टी को दिल खोल कर न दे सके ? दरअस्ल ये आर्ग्युमेंट्स एक दूसरे के कंट्रेरी हैं, एक दूसरे के बरखिलाफ हैं । अगर यह उसूल सही है कि कम्पनीज़ के मामलों में गवर्नमेंट को दख़ल नहीं देना चाहिये, तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जितने भी बाकी एतराज़ात हैं, वे ख़त्म हो जाते हैं । आदमियों के मामले में हम ने यह ख्याल किया । हम ने एक्स-पेंडिचर टैक्स लगा कर यह फैसला कर दिया कि अगर कोई आदमी इस से ज्यादा रकनम खर्च करेगा, तो सरकार को रुपया देगा । मैं नहीं समझता कि सरकार को रुपया देने से उसका आरिजिनल एक्ट कैसे जायज़ हो जायगा, लेकिन इस की वजह यह है कि जिसके पास दौलत है, वह उसको ऐसे तरीके से इस्तेमाल नहीं कर सकता कि आम पब्लिक को या सोसायटी को नुकसान पहुंचे, या पहुंचने का एहतमाल हो । बिल्कुल इसी रीजनिंग पर गवर्नमेंट मुख्तलिफ इन्ट्रेस्ट्स के दरमियान यह फैसला करती है कि किस किस इन्ट्रेस्ट को क्या हक है । एक इन्टरप्रेनर जिन मजदूरों से काम लेता है, उनकी मिनिमम वेज़ेज़ मुकर्रर की गई हैं, उनके लिये वेज बोर्ड मुकर्रर किया गया है । इस से ज़ाहिर है कि गवर्नमेंट को प्राईवेट मामलों में भी दख़ल देने का अख्तियार है । इसी तरह अपने कांस्टीच्यूशन में हमने यह रखा है कि कनसेन्ट्रेशन आफ वैल्थ न हो, जो कि पब्लिक गुड के खिलाफ हो । इसी उसूल पर सैलिंग एजेन्ट्स का सवाल उठता है । इसी सवाल पर यह सवाल उठता है कि मजदूरों के लिये बोनस का रुपया नहीं रहेगा, अगर गवर्नमेंट दख़ल दे कर उन के हुकूक कायम न क । मैनेजिंग एजेन्सी सिस्टम कुछ आदमियों की आजादी में दख़ल देता है । क्यों ऐसा कानून बनता है कि मैनेजिंग एजेन्ट्स को इतना मुनाफ़ा

[पण्डित ठाकुर दास भार्गव]

मिलेगा ? सिर्फ इस वजह से कि पब्लिक इन्ट्रेस्ट में, जेनरल इन्ट्रेस्ट में उनको इतना अख्तियार नहीं देना चाहिये, जो कि हमारे कांस्टीच्यूशन के प्रिंसिपल्ज के बरखिलाफ हो। मैं इसके हक में नहीं हूं कि हर एक आदमी को पूरा अख्तियार हो कि जिस तरह से चाहे वह अपनी दौलत को इस्तेमाल कर सके और हमारे कांस्टीच्यूशन के उसूलों और हमारे लाज के इनहिबिशन्ज को नजर अन्दाज कर दिया जाये।

श्री मसानी ने पहला क्वेस्चियन दफा ७० के बारे में उठाया है। मैं मानता हूं कि उसके अलफाज बहुत वसीय हैं। इतने वसीय हैं कि जिनको मसानी साहब बिल्कुल बजा तौर क्रिटिसाइज कर सकते हैं। लेकिन साथ ही वे अल्फाज छोटे भी हैं। यह तो उनको इन्टरप्रेट करने का सवाल है। अगर कोई कम्पनी इस तरह बिहेव करती है, जिसकी वजह से बाकी कम्पनियों पर जिनको इस दुनिया में रहने का हक है, खराब असर पड़ता है, तो, अगर आडिटर के जरिये कोई बात मालूम न हो सके और गवर्नमेंट को इत्तिला हो कि वह इस तरह बिहेव करती है और इस तरह से एकाउंट्स में कुछ छिपाती है, जिस से जेनरल पब्लिक को, सोसायटी को, या उस पर्टिकुलर इन्ट्रेस्ट को, जिन में वह खुद भी शामिल है, नुकसान पहुंचता है, तो गवर्नमेंट को करंवाई करने का अख्तियार है। अगर वह कम्पनी खुद तबाह होने को तैयार है, या उसकी सालवेंसी या एग्जिस्टेंस को खतरा है, तो गवर्नमेंट के दखल देने में क्या खराबी है ? मसानी साहब कहते हैं कि इसके मायने ये हैं कि गवर्नमेंट बेस्ट जज है, न कि प्राइवेट आदमी। दरअसल बात यह है कि जिसने में ऐसे कानून बनते हैं, जिन से इन्डिविजुअल की लिबर्टी करटेल की जाती है, उनमें गवर्नमेंट कहती है कि दूसरे लोगों की निस्बत वह बैटर जज है कि किस काम से दूसरे को नुक्सान पहुंच सकता है। मसानी साहब की आर्ग्युमेंट ह कि गवर्नमेंट उनकी लिबर्टी के साथ खेलती है। गवर्नमेंट कहती है कि साउंड मारेल प्रिंसिपल्ज हम जानते हैं, तुम से बेहतर जानते हैं, तुम इतना नहीं जानते कि तुम्हारे किस फेल से तुम को फायदा होगा, लेकिन दूसरों को नुकसान पहुंचेगा। इसी फंडामेंटल उसूल पर सब गवर्नमेंट्स काम करती हैं। अगर हर एक आदमी ला अ टु हिमसेल्फ होता और किसी दूसरे को इजाजत न होती कि वह उसके फेल को किसी तरह से कंट्रोल कर सके, तब तो उसकी यह आर्ग्युमेंट दुरुस्त होती। लेकिन आदमी एक गवर्नमेंट के मातहत होता है, एक सिटीजेन है। जो कुछ उसके पास है, अगर वह सिक्योर है, तो उस गवर्नमेंट की वजह से, जिसका वह सिटीजन है। अगर गवर्नमेंट न हो, तो कोई दस आदमी किसी एक आदमी से जो चाहें ले लें। मसानी साहब बड़े मालदार आदमी हैं। उनको देखकर गरीब आदमियों को इस तरह का लालच हो सकता है। अगर गवर्नमेंट बीच में न हो, तो वह स्वतंत्रता ही खत्म हो जायेगी, जिसका जिक्र मसानी साहब करते हैं। लोगों के कन्डक्ट को कंट्रोल करने के गवर्नमेंट के आलमगीर उसूलों के बिना कोई स्वतंत्रता नहीं रह सकती है।

इसमें कोई शक नहीं है कि दफा ७० के अलफाज बहुत वसी हैं। यह भी सही है कि गवर्नमेंट का तो नाम है, सब कुछ एक डिप्टी सेक्रेटरी ही कण्ट्रोल करेगा। इसलिये बेहतर होता, अगर इन वसी अलफाज को किसी तरह से करटेल किया जाता। मैं इसके हक में हूं कि सैंट्रल गवर्नमेंट को यह अख्तियार है कि ऐसी सूरत में, जबकि शक्ल ऐसी हो, जिससे वे नतायज पैदा हों, जो इसमें लिखे हुए हैं, वह कण्ट्रोल कर सके। लेकिन मैं देखता हूं कि इस गवर्नमेंट की पावर्ज भी कानून ने करटेल की हुई हैं। यह पार्लियामेंट इसलिये बैठी है कि गवर्नमेंट के डिप्टी सेक्रेटरी को एब्सोल्यूट पावर्ज न हों कि वह चाहे जिसका गला घोंट दे, चाहे जब करार दे दे कि तुम्हारा

यह फेल साउण्ड बिजनेस प्रिंसिपल्ज के खिलाफ है। और साउण्ड बिजनेस प्रिंसिपल्ज का पता नहीं है, उन प्रैक्टिसिज का भी पता नहीं है। दे आर नाट डिफाइन्ड। इसलिये इतने जेनरल टर्म्ज में देखना मुनासिब नहीं। मैं जानता हूं कि श्री मसानी की इन्टलैक्चुअल पावर्ज बड़ी हैं। बेहतर होता अगर वह इस अलफ़ाज़ में तरमीम लाते। अगर वह ऐसा करते, तो मैं उनको सपोर्ट करता।

श्री मो० रु० मसानी : दिया है।

16 hrs.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : उन्होंने तीन सेफ़गार्ड बताए हैं। वे सेफ़गार्ड इतने अच्छे और मुफ़ीद हैं कि वे किसी हद तक उसको करटेल करते हैं। उन अलफ़ाज़ को तो वह रहने देते हैं, उनको तो मानते हैं लेकिन उनके साथ ही सेफगार्डस देते हैं और मैं उन सेफगार्डस को खुशामदीद कहता हूं। पहला सेफगार्ड यह है कि किसी शख्स के खिलाफ इसको तब तक यूज़ नहीं किया जाएगा जब तक कि कम से कम उसको मौका न दिया जाए कि वह आकर बताये कि यह रिपोर्ट उसके खिलाफ मिली है और इसकी तहकीकात करने के लिये स्पेशल आडिटर्ज क्यों न एप्वाइंट किये जायें। यह नैचुरल सी चीज़ है जो कि होनी चाहिये। किसी के खिलाफ कोई भी ऐक्शन लेने से पहले उसको सफाई का मौका दिया जाना चाहिये। हां अगर कोई स्पेशल रीजंज हों और डर हो कि एविडेंस को खत्म कर दिया जाएगा, एविडेंस को डिसएपीयर करवाया जाएगा तो प्रापर केसिस में ऐसा भी किया जा सकता है कि पहले एक्शन ले लिया जाए और बाद उसको सफाई का मौका दिया जाए। किसी भी हालत में एक्स पार्टी फैसला नहीं किया जाना चाहिये। अगर इस तरह का ड्रास्टिक स्टैप लिया जाता है और बिना ऐसी चीज़ को किये किया जाता है तो जो साख है वही खत्म हो जाती है। स्पेशल आडिटर्ज मुकर्रर होते हैं तो उसका मतलब यह है कि उसने ये बातें आडिटर्ज को नहीं बताई हैं, वह बेईमान हैं और यह आडिटर्ज पर भी एक स्लर होगा और सारे काम को ही खत्म कर सकता है। दूसरी बात यह भी है कि जो रिपोर्ट स्पेशल आडिटर्ज दें वह उन लोगों को जरूर मिलनी चाहिये जिनके खिलाफ वह दी गई हो और जिनके खिलाफ वह रिपोर्ट हो। उनको हीयरिंग का मौका न देना उन उसूलों के खिलाफ है जो आज तक हमारे सामने रखे जाते रहे हैं।

यह कह देना कि दुश्मनी की वजह से किसी ने इस तरह की खबर दी है, गलत खबर दी है और उसके बाद यह कह देना कि गवर्नमेंट किसी का गला घोंट देना चाहती है, ठीक नहीं होगा और इस तरह से अगर हम चलेंगे तो कुछ भी नहीं हो सकेगा। गवर्नमेंट इतने अच्छे कानून बनाती है कि जो खुद मरना चाहता है उसको मरने से रोकने के लिये भी कानून है, तबाह होना चाहता है तो तबाह होने के खिलाफ भी कानून है, तो यह कहना कि आर्बिट्रेरिली वह काम करेगी, सही नहीं है। इंसाफ का यह तकाज़ा है कि सेफगार्ड प्रोवाइड किये जायें और मसानी साहब ने जो दो तीन सजैस्ट किये हैं, वे नैचुरल सेफगार्डस हैं।

आज यह भी देखने में आता है कि जो केसिस कोर्टस में जाते हैं उनमें से पचास फीसदी या इससे भी ज्यादा ऐसे होते हैं जो वहां जाकर फेल हो जाते हैं साबित नहीं होते हैं और ऐसे केसिस में झूठे कम्पलेनेंट के खिलाफ एक्शन भी लिया जाता है, उससे मुआवज़ा भी वसूल किया जाता है। यहां पर यह कहना कि जिसके खिलाफ झूठी कम्पलेंट की जाएगी उसको कोई रिलीफ नहीं दिया जाएगा, कोई मुआवज़ा नहीं दिया जाएगा, यह किसी भी रूप से जायज नहीं है। यह कहना कि जिसके खिलाफ कम्पलेंट की जाती है वह अगर साबित हो

[पंडित ठाकूर दत्त भर्गव]

जाती है तो उसके कंसिक्वेंसिस तो वह भुगते और अगर साबित नहीं होती है तो जो कम्पलेंट करने वाला है उसके खिलाफ कुछ भी नहीं हो सकता है जायज नहीं है । कहीं भी सी० आर० पी० सी० में इस तरह की व्यवस्था नहीं है । जिनके खिलाफ झूठी कम्पलेंट की जाती है उनको ऐसे लोगों से रिलीफ दिलाया जाता है जो उस कम्पलेंट को करते हैं ।

जहां मैं समझता हूं कि दफा ७० के जो अल्फाज हैं वे निहायत साफ हैं, वे पब्लिक इंटिरेस्ट में हैं, देश के हित में हैं कामर्स एण्ड इंडस्ट्री के हित में है, वहां मैं यह भी चाहता हूं कि किसी को भी अख्तियारात इतने लम्बे चौड़े अल्फाज में नहीं दिये जाने चाहियें । फिर उसके अन्दर सेफगार्डस नहीं हैं जो कि होने चाहियें । मैं यह नहीं चाहता हूं कि प्रापर केसिस में स्पेशल आडिटर्ज एप्वाइंट करने का हक गवर्नमेंट का छीन लिया जाए लेकिन मैं सेफगार्डस के जरूर हक में हूं ।

हमारे माननीय सदस्य श्री हो० ना० मुकर्जी ने कहा कि आडिटर्ज के फरायज में यह भी किया जाए कि जैसे वकीलों में एक यह अनरिटन कनवेंशन है कि वे भी आफिसर्स आफ कोर्ट हैं और वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे कानून की खिलाफ-वर्जी होती हो, वहां जहां चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स इंडिपेंडेंट हैं, उनके कर्ब प्रेसक्राइब्ड हैं, उनमें भी यह कनवेंशन बने कि वे भी कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे कानून की खिलाफ-वर्जी होती हो या जिससे पब्लिक इंटिरेस्ट को नुकसान पहुंचता हो । चार्टर्ड एकाउन्टेंटस को यह अख्तियार देना कि जो कुछ उन्होंने कर दिया वह सफेद ही सफेद है, काला नहीं हो सकता, जायज नहीं है, वाजिब नहीं है । बेसिक उसूलों को मैं सपोर्ट करता हूं, उनके अगेंस्ट जाने के मैं खिलाफ हूं लेकिन इतना मैं जरूर महसूस करता हूं कि सेफगार्डस प्रोवाइड किय जायें और अलफाज इतने लम्बे चौड़े न हों क्योंकि इन अलफाज में से ऐसी बू आती है कि कोई इन पावर्ज को आबिट्रेरिली यूज कर सकता है ।

अब मैं डोनेशंस के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । इस पर बहुत चर्चा हुई है । मसानी साहब ने दरअसल इस सवाल को बहुत फंडामेंटल बना दिया है और साथ ही साथ कम्पलीकेटिड भी बना दिया है । लेकिन किसी भी शख्स ने अभी तक यह नहीं कहा है कि पोलिटिकल पार्टीज को दान देना किसी भी कम्पनी के लिये जायज नहीं है । ऐसा कोई भी पार्टी नहीं करती है । क्या कम्युनिस्ट पार्टी ऐसा कहेगी कि उनके लिये दान देना जायज नहीं है जो न सिर्फ यहां से बल्कि दूसरे मुल्कों से भी दान लेती है और उन मुल्कों को यहां तक पता नहीं है कि उसकी गर्ज क्या है क्या नहीं है ? लेकिन मैं इसमें जाना नहीं चाहता हूं । वे मुल्क दान देते हैं और जानते भी नहीं हैं कि किस तरह से उसको खर्च किया जाएगा । क्या स्वतन्त्र पार्टी के मैम्बर साहिबान कह सकते ह कि दान लेना खराब है और किसी पार्टी को भी कांट्रीब्यूशन इस तरह का नहीं मिलना चाहिये ? कौनसी पार्टी है जो दान नहीं लेती है ? सभी लेती हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि अगर कोई प्राइवेट आदमी यह समझता है कि ऐसा काम किया जाए जो निहायत नेक है, नेक काम के लिए रुपया खर्च होना चाहिये तो इसमें क्या नुकसान वाली बात है ? इसी तरह से अगर डायरेक्टर्स या ज्वायंट स्टाक कम्पनीज यह समझती हैं कि किसी नेक काम में रुपया खर्च होना चाहिये, तो इसमें क्या बुराई है ? अगर कोई बिलीव करता है कि नैशनलाइजेशन देश को तबाह कर देगा, या यह समझता है कि कांग्रेस पार्टी देश के लिये अच्छे कानून बना रही है, देश में ला एण्ड आर्डर को कायम रखने में सफल रही है, इस वास्ते उसकी पूरी पूरी मदद की जानी चाहिये तो मैं पूछना चाहता हूं कि कौन सा मारल कानून इसके खिलाफ है और यह वह कानून कहता है कि फलां शख्स को अपनी जायदाद या अपना

रुपया या अपनी चीज इस पार्टी को नहीं देनी चाहिये । हम यह भी जानते है कि रूलिंग पार्टी को लोग जरूर बदनाम करेंगे चाहे उसको कोई शख्स नेकनीयती से ही क्यों पैसा न दे . . .

संसद्-कार्य मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : अपोजीशन को भी कम पैसा नहीं मिलता है । पैसा रुलिंग पार्टी को ही नहीं मिलता है, सभी को मिलता है । वे तो हिसाब किताब भी नहीं दिखलाती हैं ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : रूलिंग पार्टी को कोई शख्स कितनी नेक-नीयती से ही और कितना थोड़ा पैसा भी क्यों न दे, लोग जरूर कहेंगे, कहने से बाज नहीं आयेंगे कि इस वास्ते पैसा दिया है कि गवर्नमेंट से कोई चीज लेनी है । जिन पार्टियों के पास कुछ है ही नहीं देने को उनको अगर कोई पैसा देता है, और चाहे वे कोएर्स करके भी लेती हैं तो भी लोग उनको बुरा नहीं कहेंगे । रूलिंग पार्टी को कोई कुछ दे या न दे, अगर कोई झुक कर सलाम करता है तो भी लोग यह कहेंगे कि खुशामद करता है । जो दूसरी पार्टीज हैं उनके बारे में देखा गया है कि कंट्रोवर्शल क्वेश्चंस में, ऐसे क्वेश्चंस में जिन का ताल्लुक खाने पीने की चीजों से नहीं होता है बल्कि जो नेशनल क्वेश्चंस होते हैं, सिर्फ किसी एक खास पार्टी को खुश करने के लिये या किसी दूसरी पार्टी को खुश करने के लिये अपनी पालिसीज तबदील कर देती हैं या ऐसे स्टेटमेंट जारी कर देती हैं जो कि उनको नहीं करने चाहियें । पोलिटिकल पार्टीज क्या कुछ करती हैं और क्या कुछ नहीं करती हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है ।

इसमें एक खराबी भी है । फर्ज कीजिये एक शख्स जाकर दो लाख रुपया इस गर्ज से दे देता है कि उसको लाइसेंस मिल जाएगा, परमिट मिल जाएगा या कोई रियायत मिल जाए तो यह वही जुर्म है जो दफा १६१ के अन्दर बनता है जिसके तहत लेने वाला और देने वाला दोनों मुजरिम हैं । उसके खिलाफ आप चाहे जितना प्रापेगंडा करें उसके खिलाफ चाहे जो लीगल एक्शन लें, लेकिन यह कहना कि रूलिंग पार्टी ही लेती है और उसके सबसे बड़े लीडर जो जवाहरलाल नेहरू हैं वह सबसे बड़े मुजरम हैं, जायज नहीं है, मनासिब नहीं है । कितने ही ऐसे लोग हैं, कितने ही ऐसे बड़े बड़े कमर्शियल हाउसिस हैं जो लोगों को एनगेज करके रखते हैं ताकि वे उनके लिये प्रापेगंडा करें और जाकर अफसरों से मिल कर कुछ उनके लिये चीजें लायें । क्या वह कम जुर्म है ?

इस वास्ते अगर आप बेसिक उसूलों में जाएंगे तो आपको मालूम होगा कि फिलवाका इन्सान का हर एक काम फायदे के लिये होता है और जो पब्लिक के फायदे के लिये भी होता है उसके अन्दर भी कुछ न कुछ इस तरह का एलीमेंट जरूर होता है । मैं जानता हूं कि जहां तक रूलिंग पार्टी का सवाल है जब सन् १९५६ में यह एक्ट बना था, उस वक्त भी यह जिक्र हुआ था और उस वक्त दफा २९३ रक्खी गई थी कि बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स को यह अख्त्यार है कि वह २५,००० रु० तक या फाइनेन्शल इअर के नेट प्राफिट का ५ परसेन्ट रकम तक दान दे सकते हैं । उस के लिये मेरे एक लायक दोस्त ने कहा कि वह फिलवाक्या चैरिटेबल परपजेज के लिये था पोलिटिकल परपजेज के लिये नहीं था । दफा २९३ के अन्दर लिखा है :

"contribute after the commencement of the Act to the charitable and other funds not directly connected with the welfare of the employees".

इस में बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स की पावर्स रेस्ट्रिक्ट की गई थीं, न कि कम्पनियों की । इस के अलावा न इस में पोलिटिकल परपेजज का जिक्र है और न गवर्नमेंट का जिक्र है । उन कामों का जिक्र है जो डाइरेक्टली लोगों के वेलफेअर से कनेक्टेड न हों यह सब चीजों

[पंडित ठाकुर दास भ र्गव]

के लिये था और जहा तक इस का सवाल है, बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स की पावर्स उतनी ही हैं। यह इतना पैसा नहीं है जिस के लिये कहा जाय कि यह बहुत भारी रकम हो गई। यह गवर्नमेंट जो लोगों के हुकक से डील करती है, जो सब तरह के कायदे कानून ही नहीं बनाती बल्कि देश के ट्रेड और कामर्स सब के चार्ज में है, जिस की पावर्स इतनी वसीय हैं कि जिस ट्रेड को चाहे चलने दे और जिस को चाहे कमजोर कर दे। किसी तरह का टैक्स लगा दे, वह किसी से २५,००० रु० पाने के लिये इस तरह का काम नहीं करेगी जिस के ऊपर कोई नुक्ताचीनी कर सके। नेट प्राफिट या ५ परसेन्ट इतनी बड़ी रकम नहीं है जिस के लिये गवर्नमेंट अपनी पालिसी तब्दील कर दे। वैसे अगर इन्सान गिरना ही चाहे तो २५,००० रु० तो बहुत है, ५ रु० और ५ पैसे पर हिन्दुस्तान में कत्ल हो जाते हैं। इसलिये कोई वजह नहीं है कि कोई शख्स इस से ज्यादा किसी पार्टी को न दे सके।

मेरे लायक दोस्त श्री मसानी ने फरमाया कि इन कम्पनियों का रुपया प्रोडक्शन के वास्ते इस्तेमाल होना चाहिये। किसी को भी उन की गरज से ऐतराज नहीं क्योंकि एक एक रुपया जो इस तरह से खर्च होता है वह हमारे देश के प्रोडक्शन में खर्च होता है। बिना प्रोडक्शन के हमारे देश में प्रास्पेरिटी नहीं बढ़ती, बिना प्रास्पेरिटी के बढ़ने के देश गरीब होता है। लेकिन यह ऐसा आर्गमेंट है जिसे आप किसी पर्सन के वास्ते इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर कोई शख्स ५०० रु० पाता है और उस में से १० रु० चैरिटी में देता है या किसी पोलिटिकल पार्टी को दे देता है तो इस हद तक जरूर वह अनप्रोडक्टिव काम में इस्तेमाल होता है कि उस के बच्चों को खाने को कम मिलता है। उस शख्स को चाहिये कि वह सारा रुपया ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों पर लगा दे, वर्ना उस को अपने ही ऊपर खर्च करना चाहिये। लेकिन मैं इस लाजिक को नहीं समझा। कोई प्रोडक्शन या कोई काम ऐसा नहीं है जिस की वजह से वह इन चीजों पर न खर्च करे क्योंकि वह सोसायटी के ऐसे कामों के वास्ते खर्च करता है जो उस के ख्याल में नेक हैं। लेकिन जो सरकार हर एक आदमी के खर्च के ऊपर कंट्रोल करती है, जो सरकार हर एक आदमी के बहुत से कामों को जकड़े हुए है, हमारी सरकार ही नहीं, दुनियां की हर एक सरकार उन को जकड़े हुए हैं। उस को इस ओर ध्यान देना चाहिये। एक उसूल हम ने रक्खा है कि हर एक आदमी जिस तरह से चाहे अपनी प्राइवेट प्रापर्टी को डिस्पोज आफ कर सकता है। बहुत सी चीजों के अन्दर रक्खा है कि डिस्पोज आफ नहीं कर सकता, वह निकम्मे काम नहीं कर सकता, शो के काम नहीं कर सकता। इस के अन्दर कोई हर्ज भी नहीं है। यहां पर भी सरकार वही सुनहरा उसूल इस्तेमाल करे जो उस ने हर एक काम के अन्दर सामने रक्खा है। जहां तक पब्लिक गुड का सवाल है वह उसूल सामने रखना चाहिये कि अगर कोई नेक काम में चन्दा देता है, किसी सोसायटी को देता है जो कि अच्छा काम करती है तो उस के ऊपर ऐसी कोई रोक नहीं होनी चाहिये जिस से वह अपने नेक ख्यालात को ठीक से एफेक्चुएट न कर सके।

लेकिन जैसा मैं ने अर्ज किया अगर किसी बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स के लिये लिखा हुआ है कि वह जो चाहे कर सके, अगर गवर्नमेंट उस को कंट्रोल नहीं करती तो पता नहीं उस का क्या असर होगा। शायद कानूनी असर तो हो लेकिन कितने बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स हैं जो शेअरहोल्डर्स की परवाह करते हैं, कितने शेअरहोल्डर्स ऐसे हैं जो उन के इंटरेस्ट से इन्फ्लुएंस होते हैं। हमारा देश जैसा है उस में मैं जानता हूं कि बोर्ड आफ डाईरेक्टर्स जैसा चाहते हैं वैसा पास करवा सकते हैं। बेचारे शेअरहोल्डर्स तो यही नहीं जानते कि क्या हो रहा है क्या नहीं। इस देश के अन्दर यह जरूरी है कि बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स के ऊपर थोड़ा सा अंकुश लगाय

जाये । कम्पनी पर फिर भी हमने अंकुश नहीं लगाया । सेक्शन २९२ में लिखा है कि उनकी कंसेंट से जो चाहे हो सकता है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सरकार को सब चीजों को देखते हुये एक ऐसा रास्ता ऐडाप्ट करना चाहिये जो कि नोबल सेंटिमेंट्स को एफेक्चुएट करने में रोक न लगाये पर साथ ही ऐसे अरूत्यार भी न हों जिस से जो शेअरहोल्डर्स हैं जिन को उन के बखिलाफ़ ही बचाया जाना चाहिये उन को हम न बचा सकें । बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स किसी भी मीटिंग में जो चाहें पास करा सकते हैं और खुद भी ऐसे काम कर सकते हैं किसी जोश में आकर कि अपने आप को विध्वंस करके पब्लिक इंटरेस्ट में सब कुछ दे सकते हैं । पब्लिक इंटरेस्ट भी वहीं तक ठीक है जहां तक इल्लिटरेट आदमी अपना पूरा इंट्रेस्ट न समझते हों और जोश में आकर कुछ कर जाते हों और बाद में दुखी होते हों । इसलिये दोनों चीजों का ख्याल कर के जिन लाइन्स पर सेक्शन २९३ के अन्दर रक्खा गया है उन्ही लाइन्स पर कोई वाया मीडिया लेकर उस पर अमल करना चाहिये । फर्ज कीजिये एक आदमी कहता है कि गवर्नमेंट के एजुकेशन डिपार्टमेंट के लिये या जो दूसरे गवर्नमेंट के फिलैंथापिक काम हों, उनके लिये मैं अपनी सारी जायदाद देता हूँ, तो नतीजा क्या होगा ? गवर्नमेंट को सब की सब चीज मिल जायेगी । अगर ज्वायेंट फेमिली में कोई आदमी एलीनेशन करता है तो बेटों को हक़ होता है कि वह कह दें कि वह किसी निकम्मे काम के लिये एलीनेशन की इजाजत नहीं देते । इसलिये हम वाया मीडिया निकाल कर माडरेशन से चलें हैं । मैं चाहता हूँ कि गवर्नमेंट इस तरह से तब्दील कर दे कि, जहां तक बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स का सवाल है उन के लिये तो इन्हिबिशन मौजद है, बाकी सारी कम्पनियों पर भी अंकुश लगा दे कि इस हद तक वह डोनेशन दे सकेंगी, इस से आगे नहीं । लेकिन यह पाबन्दी हर एक कम्पनी और हर एक सोसायटी पर लगाये । यह पोलिटिकल डोनेशन का सवाल नहीं है, दरअस्ल सवाल यह है कि जैसा सरकार ने रखा है कि हर एक आदमी के लिये अपने और कुनबे को, जिसकी जिम्मेदारी उसके ऊपर है, बचाने का सवाल है, उसी तरह से यहां पर भी कोई सीलिंग मुकर्रर कर दे । जैसे गवर्नमेंट सीलिंग मुकर्रर करती है इनकम के ऊपर जैसे सीलिंग मुकर्रर करती है लैंड ओनरशिप के ऊपर, उसी तरह से वह कम्पनियों पर भी डोनेशन की सीलिंग मुकर्रर कर दे जैसा कि सेक्शन २९३ का प्रिंसिपल है कि इतने से ज्यादा किसी पोलिटीकल पार्टी को नहीं दिया जा सकेगा ।

जो पोलिटिकल पार्टीज के लोग इस पर झगड़ा करते हैं वे अगर खुद अपने गरेबां में मुंह डालकर देखें तो खुद उनके लिये मुसीबत आ जायेगी । इस देश के अन्दर पोलिटिकल पार्टीज के वास्ते चन्दा देना आम बात नहीं है । यहां और तरह की चैरिटी होती है । अब चूंकि मुखतलिफ़ पार्टीज बनी हैं इसलिये हम लोग इस तरफ भी चन्दा देने लगे हैं । मैं समझता हूँ कि इस स्पिरिट को क्रश नहीं होने देना चाहिये । लेकिन इस लिये कि इसमें कोई नाजायज फायदा न उठाये हमें पूरा ध्यान देना चाहिये । आज एक ईविल चल रही है, लोग शिकायत करते हैं, इस चीज का फायदा उठा कर, कि लोग नाजायज फायदा उठा रहे हैं । यह एक ब्राड क्वेश्चन है । अगर आप को खराबी को रोकना है तो कम्पनियों और इन्सानों दोनों पर पाबन्दी लगाइये कि पोलिटिकल पार्टीज को इस से ज्यादा रुपया नहीं दिया जा सकेगा ।

जहां तक इसका सवाल है कि कोई शख्स फायदा न उठाये और गवर्नमेंट इस टेम्प्टेशन को रिसीव करके क्विड प्रो को न दे, इसके वास्ते इलाज हैं जो कि पेनल कोड में दिये हुये हैं । जहां तक पब्लिक ओपिनियन को एजुकेट करने का सवाल है अगर उसमें यह दिख-

[पं० ठाकुर दास भार्गव]

लाई पड़ता है कि उसकी कारंवाई को लोग नफरत की निगाह से देखते हैं तो उसकी इजाजत हम न दें । लेकिन यह सब चीजें जो हम कानून के जरिये करना चाहते हैं वे ऐसी हैं जिन को पब्लिक ओपिनियन को क्रियेट करके या प्रोपैगन्डा करके करना चाहिये । जब उस तरह से होगा तभी पब्लिक एजुकेट होगी ऐसी चीज हो सकती है कि कोई ऐनानिमस दे दे और पता नहीं क्या हुआ क्या नहीं । इस के लिये मेरे लायक दोस्त ने कहा कि कानून होना चाहिये लेकिन किसी ने यह बयान नहीं किया कि इसे कैसे रक्खा जाय । इस का रखना बड़ा मुश्किल है । प्राइवेट आदमी कि ी बात से बहुत इंफ्लुएंस हो गया और किसी लीडर से कहा कि मैं यह करना चाहता हू, तो उसकी ख्वाहिश रोकना कहां तक जायज है ? अगर रोकना है तो सब से पहले यह रोकिये कि दूसरे मुल्कों से कोई आदमी चन्दा न ले सके, दूसरे मुल्कों से कोई कंट्रिब्यूशन न ले सके ताकि उसकी लायल्टी हमारे मुल्क तक ही महदूद रहे । किसी दूसरे एगराज के वास्ते भी दूसरे मुल्कों से चन्दा न ले सके। हिन्दुस्तानी पालिटिकल पार्टीज होते हुये और मुल्कों से चन्दा लेना हमारे लिये जिल्लत की बात है, इसलिये ऐसा करना मुनासिब नहीं है, लेकिन वही पार्टीज जो इसके लिये सब से ज्यादा क्लेमरस हैं वही सब से ज्यादा चन्दा बाहर से लेती हैं । पता नहीं वह किस गर्ज के लिये वह लेती हैं और क्या काम करती हैं । बहरहाल अब वक्त आ गया है जब इस चीज को रोका जाये । जो दूसरी पार्टियां चन्दा बाहर से लेती हैं वह यहां आकर कहती हैं कि कांग्रेस ऐसा करती है, लेकिन यह उनके मुंह में लाई नहीं करता, और उन को इसका हक है, लेकिन वह हर चीज को अच्छा और बुरा कह सकते हैं, जैसे कि अशोक मेहता साहब ने कहा मसानी साहब के बारे में कि वे दोनों काम कर सकते हैं । इसका वह फायदा भी उठाते हैं और कंडेम भी कर रहे हैं । अगर कोई कमेटी बैठे और पता लगाये कि किस किस पार्टी को कितना कितना रुपया दिया गया तो मैं समझता हूं कि बड़े बड़े राज अफशां होंगे । अगर आप सही मानों में इसको रोकना चाहते हैं तो एक बिल लायें । हर एक मेम्बर को इस तरह का बिल लाने का अख्तियार है । मुझे मालूम है कि कांग्रेस के बहुत से मेम्बर यह चाहते हैं कि जो लोग आज यह बात कह कर कांग्रेस को बदनाम करते हैं उसका मौका ही न रहे । लेकिन साथ ही हम यह भी नहीं चाहते कि जो राइट माइंडेड आदमी कांग्रेस को मदद करना चाहते हैं वह भी पैसा न दे सकें । और जो लोग इसको भी रोकना चाहते हैं वह इसके लिये बिल ला सकते हैं । अगर ऐसा बिल पास भी हो जाये तो भी कांग्रेस को उसकी परवाह नहीं क्योंकि वह तो उसूल पर कायम है ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (कलकत्ता-दक्षिण पश्चिम) : वह जमाना अब नहीं है ।

पंडित ठाकुर दास भर्गव : वह जमाना अभी है लेकिन आपको यह कहने का मौका मिल गया है । आप अपने गरेबां में तो जरा मुंह डाल कर देखें कि क्या हालत है । तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि क्रिटिसाइज करना आसान है । मैं नहीं चाहता कि कांग्रेस पर कोई अंगुली उठाये और यह कह सके कि चन्दा लेकर काम करते हैं । हमने तो रिश्वत के बारे में एक नया कानून पास किया है कि जो रिश्वत देगा और जो लेगा उसको, दोनों को, सजा दी जायेगी । हम यह नहीं कहते कि करप्शन नहीं है । लेकिन कांग्रेस उसको हटाने के लिये कोशां है । और अगर मेम्बर साहिबान समझते हैं कि यह काफी नहीं है तो वे एक बिल ला सकते हैं ।

श्री ब्रजराज सिंह (फीरोजाबाद) : इसी में यह प्रावीजन कर दें ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इसमें पहले किसी ने कोई तजवीज पेश नहीं की । इस वक्त आपको एक मौका हासिल हो गया है कि आप कांग्रेस को गालियां दे सकते हैं । इन

गालियों में मैं भी शामिल हो सकता हूं। लेकिन मैं इसको मुनासिब नहीं समझता।

आज जो मसानी साहब ने और दूसरे मेम्बरान ने मिनिस्टर साहब की तारीफ की है, तो मैं उनसे अर्ज करना चाहता हूं कि आप उनके हाथ मजबूत कीजिये। कोई ऐसी चीज लाइये कि जो इसको रोक सके।

और भी बहुत से मामले हैं, लेकिन चूंकि और बहुत से मेम्बर बोलना चाहते हैं, इसलिये मैं इन दो बातों के सिवा और कुछ अर्ज नहीं करना चाहता।

16.22 hrs.

[SHRI MOOL CHAND DUBE *in the Chair*]

श्री राधे लाल व्यास (उज्जैन) : सभापति जी, यहां पर जिस प्रश्न पर खास तौर से चर्चा हो रही है वह पोलीटिकल पार्टीज को चन्दा देने के संबंध में है। मेरी समझ में नहीं आया कि इस ऐतराज का आधार क्या है। मूल कानून पास होने के पहले स्थिति यह थी कि कम्पनियां बिना लिहाज तादाद के जितना रुपया चाहती थीं, वह किसी भी काम के लिये धरमादा के नाम पर, चाहे किसी धार्मिक संस्था को दें या शैक्षणिक संस्था को दें, या राजनीतिक संस्था को दें, दे सकती थीं। शासन ने उस पर प्रतिबन्ध लगाया और पहले जब यह कानून पास हुआ तो उसमें यह प्रावीजन रखा गया कि कोई बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स २५ हजार से ज्यादा रुपया किसी चैरिटेबिल या कोई दूसरे फंड की तरफ नहीं दे सकता। लेकिन इसकी प्रशंसा करने के बजाये...

श्री अजय सिंह : कम्पनियां जो कितना भी दे सकती हैं।

श्री राधे लाल व्यास : मैं आपको करेक्ट कर लिया था और मैंने ऊपर कहा है, बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स। पहले जो ये रकमाना खर्च किया करते थे उस पर प्रतिबन्ध लगाया गया। पहले तो पोलीटीकल पार्टीज को चन्दा देने के बारे में चर्चा नहीं हुई थी। लेकिन अब जो शासन ने संशोधन किया है उसमें एक एक्सप्लेनेशन जोड़ा है कि अगर कोई पोलीटिकल पार्टी को चन्दा दे तो उसको प्राफिट एंड लास एकाउन्ट में दिखाना चाहिये, और यह जरूरी था। कांग्रेस के बारे में अक्सर ऐसी बहुत सी बातें कही जाती हैं जो निराधार होती हैं कि फी ट्रक इतना लिया जाता है आदि। मैं नहीं समझता कि कांग्रेस का पुराना इतिहास और अभी का भी इतिहास ऐसा रहा है कि वह इतने नीच स्तर पर जाकर इस प्रकार की कार्रवाई करे। कांग्रेस ने राष्ट्रीय आंदोलन चलाया तब भी करोड़ों रुपया प्राप्त किया होगा।

श्री अजय सिंह : उस समय आपका इजारा नहीं था।

श्री राधे लाल व्यास : पूंजीपतियों ने उस समय भी चन्दा दिया था लेकिन कांग्रेस उनके हाथ में तब भी नहीं थी। आज जब कांग्रेस के हाथ में शासन की बागडोर आ गयी है तब भी कांग्रेस उनके हाथ में नहीं है और पूंजीपति शिकायत करते हैं कि कांग्रेस उनके अधिकारों को और उनकी आमदनी को कम करती जा रही है, उन पर ज्यादा टैक्स लगाती है। मेरे मित्र मसानी जी की सहानुभूति आजकल स्वतंत्र पार्टी की ओर होती जा रही है और उस को पूंजीपति ही सहारा दे रहे हैं। पूंजीपतियों

[श्री राघे लाल व्यास]

की ताकत पर ही उनकी संस्था पनप रही है। उनकी संख्या को पूंजीपति राजा महाराजा और जागीरदार सहायता कर रहे हैं।

श्री मी० रु० मसानी : हमने तो नहीं देखा।

श्री राघ लाल व्यास : आपने न देखा होगा लेकिन जो देख सकते हैं कि प्रकाश किधर है उनको मालूम होता है, वह चीज छिप नहीं सकती।

तो मैं निवेदन करना चाहता हूं कि शासन ने जो संशोधन रखा है वह उपयुक्त है। पुंजीपति चोरी छपे देते थे, वे कांग्रेस विरोधी और राष्ट्र विरोधी संस्थाओं को भी देते थे। उसका पता नहीं चल सकता था। अब यह चीज सामने आ जाएगी। अब अगर कोई किसी राजनीतिक संस्था को कुछ देगा तो वह ईमानदारी से लोगों के सामने आ जाएगा कि किसने किसको कितना दिया। यह अमेंडमेंट पहली दफा आया है। इस पर अमल होने दीजिए तो मालूम हो जाएगा कि कांग्रेस को कितना मिला है और दूसरों को कितना मिलता है। ये चीजें अब सामने आएंगी। मूल चीज तो यह है कि २५ हजार से ज्यादा नहीं दे सकेंगे। कम्पनी चाहे तो सब कुछ दे सकती है लेकिन जो बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स है, जो कम्पनी का काम करते हैं, वे सीमा के बाहर नहीं जा सकेंगे। इस प्रकार देने को बिल्कुल बन्द नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि देश में बहुत सी शैक्षणिक संस्थाएं चलती हैं, बहुत सी धार्मिक संस्थाएं चलती हैं, उनको देने के लिए व्यवस्था होनी चाहिये।

श्री अजराज सिंह : कानून नहीं रोकता।

श्री राघे लाल व्यास : लेकिन कानून में अब तक गोलमोल बात थी। अब जो एक्सप्लेनेशन रखा गया है उसके कारण यह जरूरी हो गया है कि जो चन्दा पोलीटिकल पार्टीज को दिया जाए वह एकाऊंट में दिखाया जाए।

मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि जो लोग यह बात करते हैं कि इस तरह नहीं लेना चाहिए, वे संस्थाएं जो इस तरह की बात करती हैं, वही विदेशों तक से पैसा लेती हैं। कांग्रेस ने कभी विदेशों से पैसा लेकर देश को बेचने की कोशिश नहीं की। ऐसी संस्थाएं जो कि इस प्रकार की डींग मारती हैं वे विदेशों तक से पैसा लेती हैं। जो बातें कांग्रेस के लिए कही गयी हैं मैं समझता हूं कि वे शोभास्पद नहीं हैं। कांग्रेस को अगर कोई देता है तो इस लिए नहीं देता कि उसके हाथ में शासन है, कांग्रेस को कोई डर के नहीं देता क्योंकि यह कोई डिक्टेटरशिप नहीं है, यह न्याय और कानून का शासन है और लोग समझते ने कि वे न भी दें तो उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। अगर लोग कांग्रेस को पैसा देते हैं तो वे इसलिए देते हैं कि वे देखते हैं कि उनका अपना हित और देश का हित इसी में है कि देश का शासन कांग्रेस के हाथों में रहे। वे अपने स्वार्थ के लिए देते हैं, वे देश के लिए देते हैं। वह समझते हैं कि आज देश में कांग्रेस के सिवा कोई और दूसरी संस्था ऐसी नहीं है जिसके हाथ में देश का और समाज का हित सुरक्षित रह सके। लोग यह समझ कर कांग्रेस को पैसा देते हैं। यह कोई डिक्टेटरशिप नहीं है, और न कोई भय है जिस के कारण लोग कांग्रेस को पैसा देते हैं। कई अपने मतलब के लिए भी देते होंगे। लेकिन आज जिन लोगों के हाथ में शासन है उन पर कोई इस प्रकार का लांछन नहीं लगा सकता कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में जो शासन यहां चल रहा है वह करप्ट है और चन्दे के करण कुछ लोगों के या संस्थाओं के हाथ बिक कर उनको लाभ पहुंचाता है।

यह तो बिल्कुल निराधार बात है और इस तरह की कल्पना करना और इस तरह के विचारों का रखना गलत बात है. .

एक माननीय सदस्य : श्री मसानी ने कहा है ।

श्री राधे लाल व्यास : मसानी साहब तो कहेंगे ही । जो हमारे विरोधी दल के सदस्य हैं वे लोग आखिर केवल कांग्रेस की और कांग्रेस के शासन और उसके कार्यों की बुराई करके ही तो जिन्दा रह सकते हैं और पनप सकते हैं । सिवाय कांग्रेस की आलोचना करने के उनके पास है ही क्या ? उनका तो काम ही यह है कि जैसे भी हो निरीह जनता को, भोलीभाली जनता को झूठ सच इधर उधर की कह कर बहकायें ताकि वे उनके चक्कर में आकर अगले चुनाव में उनको वोट दे दें लेकिन मैं उनको यह चेतावनी देना चाहता हूं कि अब हमारी जनता इतनी बेवकूफ नहीं रही है जो उनके फुसलाने में आ जाये और गलत रास्ते पर भटक जाये । पिछले आम चुनावों ने यह भली भांति सिद्ध कर दिया कि देश की जनता का कांग्रेस पर अटूट विश्वास है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी चुनाव में भी ऐसा ही होने वाला है ।

जिन माननीय सदस्यों ने इस कम्पनी एमेंडमेंट ऐक्ट का इतना विरोध किया है है उन्होंने इसका कहीं जिक्र नहीं किया कि बिल में पूंजीपतियों के अधिकारों पर कहां कहां प्रहार किया गया है । उन्होंने इस अवसर पर कांग्रेस की आलोचना करके ही संतोष कर लिया । उन्होंने यह नहीं बताया कि अब तक यह रिश्तेदारों के नाम पर जो इतना अधिक पैसा उड़ाया करते थे तो इस बिल में रिश्तेदारों की तारीफ कर के इसका मुनासिब इंतजाम कर दिया गया है और अब वे मिल मालिक इसका बेजा फायदा नहीं उठा सकेंगे । मैं अपने उन माननीय सदस्यों से पूछना चाहता हूं कि यह पूंजीपतियों को प्रोत्साहन देना है क्योंकि उनका आरोप है कि कांग्रेस को पूंजीपति बहुत पैसे से मदद करते हैं जब कि वास्तव में हकीकत यह है कि उनको उन क्वार्टर्स से रुपया पैसा मिलता है । इसकी तरफ किसी ने इशारा नहीं किया कि किस तरह से यह अमेंडिंग बिल लाकर उन मिल मालिकों के अधिकारों पर रोक लगा दी गई है और जरूरत पड़ने पर स्पेशल आडिट करने की व्यवस्था का इसमें जिक्र किया गया है । मैं उन से जानना चाहूंगा कि क्या यह व्यवस्था पूंजीपतियों के हित में है ? लेकिन वे इन बातों की ओर कोई संकेत नहीं करते हैं ।

मुझे जिस विशेष बात की ओर सदन का ध्यान दिलाना था उसको दिलाते हुए और अधिक समय न लेते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं ।

Shri Naushir Bharucha (East Khandesh): The debate that has proceeded on this Bill and the differences of opinion which we have witnessed in this House emerge largely from the approach to the Bill, one party assuming one angle and the other party a totally different angle. So far, I have noticed that there has been a tendency to look to this question from the policy of *laissez-faire* in indusstrial development, a policy which prevailed in the nineteenth century and which must be regarded as completely out-of-date today. The State has to strike a judicious balance between wise control of industrial enterprises and unnecessary interference in its day-to-day working. It is a difficult task to achieve. I think the Joint Committee may be congratulated on the fact that notwithstanding the differences of opinion in minor matters, which are indicated in the numerous minutes of dissent appended to the report, by and large, a balance which is enquitable has been struck.

[Shri Naushir Bharucha]

I am not prepared to say that if all that has been mentioned in the Joint Committee's report is enacted into law, it is going to put a stop to the various difficulties which have been experienced or the abuses in which the directors and the managerial personnel of industrial enterprises have undoubtedly indulged. But, after all, it is one effort in placing industrial enterprises on an honest and sound footing. I think by and large, the arguments which my hon. friend Shri M. R. Masani advanced will be found to be untenable. While he has advocated the *laissez-faire* policy in the interests of business autonomy, I think the amendments which the Joint Committee have suggested will ultimately make for sounder business in the interests of business itself.

In the course of this debate, one can only refer to the salient features of the amending Bill as it has emerged from the Joint Committee. An outstanding change that has been effected by the Joint Committee is the introduction of a new section 43A under which we have created a new type of companies—we may call them 'deemed public companies'—where the paid-up share capital of a company to the extent of 25 per cent is held in a particular manner. Now, this is a very radical alteration which we are compelled to introduce because unless such a type of radical alteration is introduced in the Act, it will be seen that there will be various devices indulged in by unscrupulous directors to escape the obligations which have been otherwise imposed upon the public companies. It is of necessity a section which is extremely complicated. Here in the construction of the section you find that the effort of the Joint Committee has been to strike a judicious balance. First, we have said:

> "Save as otherwise provided in this section, where not less than twenty-five per cent of the paid-up share capital of a private company having a share capital, is held by one or more bodies corporate, the private company shall....become by virtue of this section a public company."

But then if you stop short there, you will immediately run into difficulties. Therefore, of necessity you have to provided exceptions. So it has been said:

> 'Provided further that in computing the aforesaid percentage, account shall not be taken of any share in the private company held by a banking company, if but only if, the following conditions are satisfied...." etc.

What I am trying to point out is that the moment you enact a general principle which you think necessary to eliminate a sort of malpractice in business enterprises, you run into numerous difficulties and *perforce* you have got to enact further provisions to deal with them. If, therefore, the provision has become complicated, it cannot be helped.

Then again, we have made exceptions, for example,

> "a private company of which the entire paid-up share capital is held by another single private company or by one or more bodies corporate incorporated outside India"

This provision, of necessity, had to be made.

Therefore, the outstanding section which we have introduced in this connection is likely to eliminate many of the abuses, though I am not sure that it will be in a position to eliminate even most of the abuses.

Similarly, the Joint Committee was set up against a number of clauses. For instance, take the question of overall maximum managerial remuneration

and managerial remuneration in the absence of adequate profits. Now it is not enough merely to provide a ceiling of maximum managerial remuneration. It is also necessary to see that there are no loopholes. In order to do that, we should also prohibit simultaneous appointment of different categories of managerial personnel. It is no use saying that you have to restrict the overall amount and then leaving loopholes open whereby in the guise of different categories of management, labelling occupants of offices in different categories, giving them additional managerial remuneration and thereby circumventing the provisions of this section. Therefore, of necessity, we had also to look to this aspect and see that different categories of managerial personnel were not simultaneously employed. I am not sure even now that we have eliminated the chances of all abuses that we wanted to.

Take one notable example. It does not arise from the Joint Committee's Report because probably it has not been covered by the original Act itself namely, the question of promoters' remuneration. We are plugging loopholes about managerial remuneration but leaving open promoters' remuneration. Recently, there was the case of a company which had been floated where the promoters' remuneration was Rs. 15 lakhs. We are trying to plug the loopholes so that thousands of rupees of the shareholders may not be squandered away. But when lakhs are taken like that the law is helpless still. Strangely enough, in that very company when the invitation to the public was issued to subscribe, the over-subscription was 60 times more. Where the company wanted to collect, I believe, Rs. 160 lakhs or so, it collected Rs. 98 crores.

An Hon. Member: In India?

Shri Naushir Bharucha: Yes; in India; in Bombay. Sixty times more than the invited subscription was contributed to that company. What I am trying to point out is that even with this you have not plugged all the loopholes. We are trying to run after thousands diverted to managerial remuneration but we have not prescribed any ceiling for promoters' remuneration. This is a point which has got to be looked into. This Rs. 98 crores which these people obtained and retained for a period of 4 months without interest being the time taken to allot shares, would yield lakhs of rupees by way of interest; and we have provided nothing in the Act to prevent such promoters from cashing the cheques of applicants for shares until the allotments are actually made, with the result that the shareholders money is locked up for 4 months or so and the interest on that is pocketed by the company promoters. The law is helpless in this matter. I am just trying to point out those things so that those who are saying that we are legislating too much and that we are making inroads into the autonomy of the companies may appreciate the fact that still there are many loopholes left and the investors money is being abused or mis-applied if I may say so.

We are also legislating on an important matter, namely, the dividends to be paid out of profit only, that is after depreciation is deducted. I know it for a fact that there have been unscrupulous directors who have announced dividends which they could never have announced if this provision had been there in the Act. Having announced a dividend of 10 per cent, the shares were boosted up in the share market. They deliberately did it by not providing proper depreciation. This can very well be managed. After that, they sold off the shares which were lying useless on their hands. In fact, the company's position was bad. They did not pay and dividend therefore and started making some provision for depreciation. This clause is important in order to prevent that kind of swindle that is going on.

My hon. friend Shri Masani spoke of autonomy in business enterprise.

[Shri Naushir Bharucha]

We concede autonomy. But we can not say that this autonomy should extend to the swindling of the investor. The law is here to prevent that and it must be prevented.

Shri M. R. Masani: You go well beyond that.

Shri Naushir Bharucha: Shri Masani said that perhaps it is likely that we are not making laws to last for the time of the hon. Minister in whom we have perfect faith. But we are making laws for all time to come and for all good and bad people. I may tell him that we are making these laws for unscrupulous directors who seem to have still many loopholes. Dividends must be paid only out of profit and not by manipulation. That is a salutary provision; and it will ultimately be for the benefit of business enterprise and business will be on sounder footing with such a provision.

There is also a provision to which very strong exception has been taken. I have been studying carefully the memorandum submitted by the Indian Merchants Chamber to the Secretary to the Government of India, Ministry of Commerce, on this subject. That deals with clauses empowering an officer of Government to inspect the books of account; special audit; empowering the Registrar to call for and inspect the documents; empowering the Inspector to examine the books, etc. Objection has been taken for empowering an officer of the Government to inspect books and accounts and it has been said that it is an inroad into the affairs of the company. May I ask: how is the Government to determine, without inspection of books and accounts, whether any complaint is genuine or false? A clause like this is necessary in the interest of the company itself. Suppose there is a complaint. The parties will of course be heard and an explanation will be asked for. An officer goes and looks into the accounts and finds that they are regular. Then the matter ends there. Do those who oppose this power advocate that the Government should start some sort of a criminal proceedings against the directors straightaway? These preliminary powers of investigation must be there and they are in the interest of the companies themselves because they will eliminate frivolous complaints.

There are other difficulties which arise as a result of the language which may have to be amended and I am trying to send in some amendments about them. For instance, there is one clause regarding information being given to the Registrar when the books and accounts are shifted from one place to another. In the ordinary course of business, books have to be shifted from branch to branch or from head office to branch office. During the course of litigation books have to be produced before the courts or other authorities calling upon them for production of these books. In all such cases it is tedious for people to go to the Registrar and keep him informed of these movements. Some sort of a relief must be given. I have sent in an amendment and I hope the Government will look into it.

The clause on special audit has been strongly resented. I am absolutely in favour of a special audit when a special occasion for it arises. My hon. friend Shri Masani opposed it and Pandit Thakur Das Bhargava for whom I have great respect, because he studies the Bills most minutely also sided with Shri Masani. Shri Masani's arguments were threefold: first the company should be heard; if the Government have made up their mind and have come to some sort of decision, they must communicate the decision or judgment to that party and thirdly, the party must be allowed to apply to the court to prevent a special audit. Let us examine this. I feel that unless special circumstances arise which make a surprise special audit necessary, and such occasions will be few and far between normally the practice of the administration will be to hear the party.

Shri M. R. Masani: That is an assumption.

Shri Naushir Bharucha: That is what I presume.

Shri M. R. Masani: Let the Minister say that.

Shri Naushir Bharucha: There is no reason for a business enterprise to presume that the company law administration is like a monster only waiting to pounc upon them with a surprise. I agree, with regard to the second point, that the party against whom you take action must have notice of it and must know the decision and reasons. But I am not in favour of giving the right of appeal to the court for this reason that by filling an appeal and instituting proceedings in a court of law, you can prevent a special audit easily for six months or even a year. If my hon. friend thinks it cannot be done, as a lawyer I can assure him that it can be very well managed that way and the purpose of the special audit will be lost. While a great deal depends upon how the company law administration administers the provisions of this Bill, special audits are necessary if we want to have a proper investigation and let me remind my hon. friend, Shri Masani, that these are the sections precisely intended for the directors who are unscrupulous.

Sir, even the further power given for seizure of books is an important power. My going and inspecting the books and finding that there is a lot of hanky-panky in them is not enough. After all, ultimately, the party has to be prosecuted and evidence must be collected. Seizure of books or documents is a right which is normally given to the police. It is asked, "Why do you want to introduce police powers in business matters? Well, the answer to that is this, that normally the rules of evidence require production of documents and it is necessary that books must be seized if found necessary. I am sure the authority for ordering seizure will look into it whether the seizure of the books is very necessary. I therefore think that though this provision may appear drastic, it is a provision which is necessary if the ultimate end of prosecution for misconduct on the part of the directors is not to be defeated. If that end has to be achieved these powers must remain on the statute-book.

Objection was taken to one important power, namely, power to prohibit transfer of shares for three years where the Government feels that the affairs of the company are not moving properly. Supposing a person desiring to obtain control of a company makes manoeuvres for obtaining shares and the Government comes to the conclusion that if those shares could be transferred in favour of that person, that person might acquire undue powers and may be able to do away with the evidence or do something or the other to interfere with the investigation. It may also be that the full title to the shares itself is disputed. Much depends upon the title to the shares, because it may affect the composition of the directors. Therefore, the Government should have power to interfere in such cases. But I agree that the power to prohibit transfer of shares for three years at a time is far too much. Sir, just as I said that the business enterprises must be prepared to be subject to reasonable and wise control, there is an equal obligation on the part of the Government that it should also be alert in carrying on investigation. If they have got any doubt about the transfer of shares and they want to maintain the *status quo*, one year is more than enough for the purpose. If there are special cases where they require to prohibit the transfer for more than one year, let them go to the court. I have sent in an amendment to that effect and I hope the Government will look into it.

[Shri Naushir Bharucha]

There is another irritating problem which the business community is up against, and that is covered by clause 99 regarding sole selling agents. Not only Shri Masani but the Indian Chamber of Commerce is up in arms against that provision. They say, if you try to dictate to us who is going to be our sole selling agents and on what terms we have to appoint our agents then you are very clearly interfering with the day-to-day working of the company. Sir, I agree that this would amount to an interference in the day-to-day working of the company to the extent that perhaps in *bona fide* cases people may be inconvenienced. There may occur some such cases, I have no doubt about it. But how else are we going to plug the main loophole in the Act? We have done away with managing agents. They may go outside by one door, put up another cloak, call themselves as sole selling agents and enter by another door and start having bigger figures of commission than what they were having as managing agents. In fact, in the evidence before the Joint Committee it was disclosed that too many people were too willing to give up their managing agency and start as sole selling agents where they could earn more profits with comparatively less work. How are you going to plug that loophole unless you look into the contract and find out that the managing agents do not reappear in the guise of sole selling agents? It has got to be done. In fact, there was some justification and some force in the arguments advanced by some businessmen who appeared before the Committee. They objected to the words: "sole selling agents for an area". Therefore, even if you appoint a sole selling agent for a taluka, you have got to go through the procedure prescribed. I concede that there is some force in that, but, on the other hand, if you say that you are not required to go through the procedure unless you appoint a sole selling agent for an area bigger than a State, then, in that case, they will appoint a sole selling agent or the entire State minus one taluk and get over the provision. They can appoint a sole selling agent for the whole area with a taluk left out here and there, and thus defeat the provisions of the Bill. Therefore, it is beyond human ingenuity in draftsmanship to provide in such a way that every objection which my hon. friend Shri M. R. Masani raised can be met. They may be reasonable, but I repeat that it will depend upon how the company law administration functions.

I am of the opinion that the provision regarding the sole selling agent must remain there and all that can be done is that the Minister should issue an administrative direction to the company law administration that only in such extravagant cases where, on the face of it, the abuse is patent, the administration should intervene. Normally, no hitch will be faced in the appointment of *bona fide* selling agent.

Again, we have got the question of inter-company investments. There also, a big issue arises, because, after all, we are very keen on seeing that industrial progress is stepped up. How do we propose to do that? The Joint Committee has been obliged to strike a little note of caution here. It has provided that a company could invest to the extent of ten per cent of the subscribed capital of the company or 30 per cent of the investing company's Capital. I was rather surprised when the figures were produced before the Joint Committee to see it mentioned that even this figure of 30 per cent was on the generous side, because, actually, statistics revealed that investments did not exceed more than 11 to 12 per cent. Therefore, while on the face of it, it might appear that a clause like this would strike at the very root of inter-company investments, I am inclined to believe that in practice, no difficulty will be experienced. At one time I myself was inclined to think as to why the investment companies should not be totally exempted from this limitation but after examining the point, I came to the conclusion that this clause is not

likely to interfere, at least, in the near or the foreseeable future.

On the other hand, this clause is a very great safeguard against a person, who is deliberately out in the guise of inter-company investment to interlock capital so as to command with a smaller percentage of share-holding the conduct of a large number of companies. If this thing can be prevented, I think, even if there was a risk to run, I would rather run the risk and say that investment in inter-companies should be limited and the limit placed here is reasonable.

There is another point on which a great deal of attention has been directed and perhaps rightly, and that is, the jurisdiction of the Advisory Commission. Here, it was contended that the amendment made by the Joint Committee to section 411 sought to curtail the jurisdiction of the Advisory Commission by taking away from them the complaints falling under certain sections. I too felt that it was a case where perhaps not enough confidence was reflected in the Commission by the amendment. However, it was a matter of satisfaction that a via media was struck in the Joint Committee. The Government expressed their difficulty that cases may arise where prompt action may be necessary. Unless prompt action is taken, Government's intervention will be difficult.

Mr. Chairman: Does the hon. Member like to continue?

Shri Naushir Bharucha: Yes, Sir. I may take ten more minutes.

Mr. Chairman: Let us now adjourn.

17 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, the 17th November, 1960/Kartika 26, 1882 (Saka).